मैया ऊंचे भवन विराजो

मैया ऊंचे भवन विराजो,
जयकारा गूंजे गली गली.....

मैया ऐसी चौकी सजाओ,
तेरा दर्शन होवे घड़ी घड़ी,
जयकारा गूंजे गली गली....

मैया ऐसी ज्योति जलाओ,
उजियारा होवे गली गली,
जयकारा गूंजे गली गली.....

मैया ऐसी लगन लगाऊं,
जगराता होबे गली गली,
जयकारा गूंजे गली गली.....

मैया ऐसा ललना देना,
किलकारी गूंजे गली गली,
जयकारा गूंजे गली गली.....

मैया ऐसा भोग लगाना,
भंडारे होवे गली गली,
जयकारा गूंजे गली गली.....

मैया ऐसी शक्ति देना,
नारी ना अबला होवे कभी,
जयकारा गूंजे गली गली.....

मैया ऐसा दर्शन देना,
सूरत ना भूलू कभी तेरी,
जयकारा गूंजे गली गली.....

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/27046/title/mayia-unche-bhawan-virajo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |